राजकीय महाविद्यालय, काण्डा, बागेश्वर (उत्तराखण्ड) 263631
**GOVERNMENT DEGREE COLLEGE KANDA (BAGESHWAR) 263631**
**Email–** gdckanda@rediffmail.com

सेवा में,

निदेशक,

उत्तराखंड स्टेट कॉउन्सिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी

पत्रांकः– /2023–24 दिनांक 09.05.2024

विषयः– **राजकीय महाविद्यालय काण्डा, में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ (IPR Cell) स्थापित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आपके पत्रांक संख्या UCS&T/PIC/IPR CELL/24508 **दिनांक** 22 **सितम्बर** 2023 के सन्दर्भ में राजकीय महाविद्यालय काण्डा में **बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ** का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत सत्र 2023-24 में ऑनलाइन माध्यम से सात व्याख्यान श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया। **उक्त** कार्यक्रम की आख्या, फोटोग्राफ, संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित किया जा रहा है।

सादर धन्यवाद सहित

डॉ मधुलिका पाठक
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय काण्डा
(बागेश्वर)

डॉ उमा पाण्डेय पडलिया
**संयोजक**
राजकीय महाविद्यालय काण्डा
(बागेश्वर)

राजकीय महाविद्यालय कांडा, बागेश्वर में उत्तराखंड स्टेट कॉउन्सिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (UCOST) के सहयोग से महाविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ (IPR Cell) स्थापित किया गया। जिसके अंतर्गत सत्र 2023-24 में ऑनलाइन माध्यम से **सात व्याख्यान शृंखलाओं** का आयोजन किया गया। जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:-


1. **व्याख्यान शृंखला 01 :-** दिनाँक 21 दिसम्बर 2023 को राजकीय महाविद्यालय काण्डा में गूगल मीट के माध्यम पर बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक द्वारा UCOST के निदेशक ड़ॉ दुर्गेश पंत का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में आईपीआर के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री हिमांशु गोयल (वैज्ञानिक UCOST) ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के महत्व को रेखांकित करते हुए पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक IPR CELL डॉ उमा पाण्डेय पडलिया के द्वारा किया गया। प्रकोष्ठ के सह संयोजक केवला नन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।














## कांडा महाविद्यालय में व्याख्यान शृंखला का शुभारंभ


कांडा (बागेश्वर)। बौद्धिक संपदा अधिकार पर राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) देहरादून के सहयोग से बृहस्पतिवार को राजकीय महाविद्यालय कांडा में व्याख्यान शृंखला का शुभारंभ हो गया है।


कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक ने आयोजन के लिए यूकॉस्ट के निदेशक डॉ. दुर्गेश पंत का आभार जताया। इस शृंखला के प्रथम व्याख्यान में मुख्य वक्ता हिमांशु गोयल ने बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को रेखांकित करते हुए पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. उमा पांडेय पडलिया ने किया। प्रकोष्ठ के सह-संयोजक डॉ. केवलानंद पांडे ने सभी का आभार जताया। संवाद


2. **<u>व्याख्यान शृंखला 02 :-</u>** दिनाँक 13 फ़रवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय काण्डा में गूगल मीट के माध्यम पर बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक द्वारा की गयी। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ आशुतोष कुमार भट्ट, एसोसिएट प्रोफेसर, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने **पेटेंट एवं बौद्धिक सम्पदा अधिकार** पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में श्री **विकास आस्वत, पेटेंट एवं ट्रेडमार्क एक्सपर्ट** के द्वारा व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन **संयोजक IPR CELL** डॉ उमा पाण्डेय पडलिया के द्वारा किया गया। प्रकोष्ठ के सह संयोजक केवला नन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।



3. **व्याख्यान श्रृंखला 03 :-** दिनाँक 06 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय काण्डा में गूगल मीट के माध्यम पर बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर ऑनलाइन लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मधुलिका पाठक के उदबोधन से प्रारम्भ हुआ। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में I.P.R. के संवैधानिक अधिनियमों को विस्तार से बताया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. हिमांशु गोयल, वैज्ञानिक II, यूकॉस्ट ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के विषय में विस्तृत से चर्चा की। एवं कॉपीराइट एवं पेटेंट को विभिन्न उदाहरणों की सहायता से समझाया। तथा कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भी डॉ. हिमांशु गोयल, वैज्ञानिक II, यूकॉस्ट ने ट्रेडिशनल प्रैक्टिसेज पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका ने सभी गूगल मीट पर जुड़े प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं एवं छात्र- छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।









4. **व्याख्यान श्रृंखला 04 :-** राजकीय महाविद्यालय काण्डा में दिनाँक 07 मार्च 2024 को यूकॉस्ट एवं महाविद्यालय के सयुंक्त तत्वाधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर गूगल मीट पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य ड़ॉ मधुलिका पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ड़ॉ बालम सिंह बिष्ट असिस्टेंट प्रोफेसर रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग , पिथौरागढ़ रहे। उनके द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार एवं plagiarism पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।







5. **<u>व्याख्यान शृंखला 05 :-</u>** राजकीय महाविद्यालय काण्डा में दिनाँक 09 मार्च 2024 को यूकॉस्ट के सहयोग से बौद्धिक सम्पदा अधिकार एक व्याख्यान शृंखला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य ड़ॉ मधुलिका पाठक के उदबोधन से हुआ। उन्होंने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के सामान्य पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता ड़ॉ चमन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर , रा. महा.कांडा ने plagiarism एवं कॉपीराइट पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता ड़ॉ सचिन अग्रवाल , असिस्टेंट प्रोफेसर, रा. महा.कांडा के द्वारा आईपीआर के विभिन्न पहलुओं GI ,IPR ,COPYRIGHT, ट्रेडमार्क पर उदाहरणों के साथ चर्चा की गयी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।












6. **<u>व्याख्यान श्रृंखला 06 :-</u>** राजकीय महाविद्यालय काण्डा में दिनाँक 10 मार्च 2024 को यूकॉस्ट के सहयोग से ऑनलाइन ( गूगल मीट ) के माध्यम से पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ड़ॉ सौरभ वर्मा , असिस्टेंट प्रोफेसर, NIT, सिल्चर, असम रहे। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर प्रकाश डाला। साथ ही हमारे जीवन में इसका उपयोग एवं पेटेंट की पूरी प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।







7. **<u>व्याख्यान शृंखला 07 :-</u>** दिनाँक 12 मार्च 2024 को यूकॉस्ट के सहयोग से ऑनलाइन ( गूगल मीट ) के माध्यम से पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुलिका पाठक द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड़ॉ. सी. डी. सुंठा, निदेशक, उच्च शिक्षा रहे। मुख्य अतिथि महोदय ने आईपीआर पर तथा उसके उपयोग पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमा पाण्डे पडलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका ने सभी गूगल मीट पर जुड़े प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं, यूकॉस्ट एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यान श्रंखला के समाप्ति के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए।









डॉ मधुलिका पाठक
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय काण्डा
(बागेश्वर)

डॉ उमा पाण्डेय पडलिया
**संयोजक**
राजकीय महाविद्यालय काण्डा
(बागेश्वर)